दिन– रविवार दिनांक– 21 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

देशभर में आज बारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय है बढ़ती उम्र के प्रभाव को रोकने के लिए योग। योग दिवस का मुख्य आयोजन आज सुबह पश्चिम बंगाल के राजधानी कोलकाता में रेड रोड पर किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम में योगाभ्यास का नेतृत्व किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने स्वयं तारासन, अर्धचक्रासन, भद्रासन, त्रिकोणासन सहित कई योग मुद्राओं का अभ्यास किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि योग आज दुनिया का सबसे बड़ा सामूदायिक उत्सव बन गया है। प्रधानमंत्री ने योग को शारीरिक और मानसिक शांति प्राप्त करने का एक उत्कृष्ट साधन बताया। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य योग के माध्यम से शरीर को स्वस्थ्य ऊर्जावान और सक्रिय बनाये रखना है।

———————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मध्यप्रदेश के जबलपुर में आयोजित योग कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने लोगों से योग को अपने जीवनशैली शामिल करने की अपील की। राष्ट्रपति ने कहा कि योग बढ़ती आयु में भी व्यक्ति के सक्रिय और आत्मनिर्भर बने रहने में सहायक होता है। उन्होंने कहा कि पिछले बारह वर्षों में, विश्व–कल्याण के एक सशक्त माध्यम के रूप में योग पद्धति की पहचान और भी मजबूत हुई है। इधर, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैयद अता हसनैन ने लोक भवन में आयोजित योग शिविर में भाग लिया। राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को अंतर्राष्ट्रीया योग दिवस की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि योग शारीरिक स्फूर्ति, मानसिक संतुलन तथा स्वस्थ्य एवं गरीमापूर्ण जीवन का आधार बन सकता है।

———————————————————————————

इधर, राजधानी पटना समेत राज्य के विभिन्न स्थानों में योग दिवस के अवसर पर योग शिविर और योगाभ्यास का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने

पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित शिविर में भाग लिया। केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह और रामनाथ ठाकुर, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार समेत बड़ी संख्या में बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने योगाभ्यास किया। वहीं, विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से भी योग शिविर कार्यक्रम आयोजित किये गये। पटना उच्च न्यायालय में भी इस अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में भी योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

———————————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, एनटीए आज देशभर में नीट यूजी पुनर्परीक्षा का आयोजन कर रहा है। यह परीक्षा स्नातक मेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा भारत के पांच सौ इक्यावन और विदेशों के चौदह शहरों में आयोजित की जा रही है। परीक्षा में बाईस लाख उनासी हजार से अधिक उम्मीदवार शामिल हो रहे हैं। ताजा जानकारी के अनुसार कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सभी केन्द्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा शुरू हो चुकी है।

———————————————————————————

प्रदेश के चौंतीस जिलों में तीन सौ इकतीस केन्द्रों पर नीट यूजी परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। राज्य सरकार ने कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। पटना में कुम्हरार स्थित बापू परीक्षा भवन के आस–पास विशेष यातायात व्यवस्था लागू की गयी है। इसके साथ ही कई मार्गों पर परीक्षा की समाप्ति तक वन–वे ट्रैफिक लागू रहेगा। इधर, परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए परिवहन विभाग की ओर से विशेष बसों का परिचालन किया जा रहा है। साथ ही रेलवे की ओर से सात विशेष ट्रेनें चलायी जा रही हैं।

———————————————————————————

जनता दल यूनाइटेड की राष्ट्रीय परिषद और राज्य परिषद की बैठक आज पटना स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित की जा रही है। बैठक में राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय विभिन्न मुद्‌दों पर चर्चा की जाने की उम्मीद है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि आज सुबह सबसे पहले राष्ट्रीय परिषद की बैठक हुई। उसके बाद राज्य परिषद

की बैठक आयोजित की गई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपराह्न साढे तीन बजे से राष्ट्रीय परिषद की बैठक का दूसरा सत्र आयोजित होगा। बैठक में पार्टी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शामिल होने की संभावना है। पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा समेत कई मंत्री, विधायक और विधान परिषद के सदस्य बैठक में शामिल हो रहे है।

———————————————————————————————

उत्तर प्रदेश के मउ में सरयू नदी पुल पर एक तेज रफ्तार हाइवा ने मोटरसाइकिला को टक्कर मार दी। इस हादसे में मोटरसाइकिल सवान बक्सर जिले के रहने वाले दो युवकों की मौत हो गई।

———————————————————————————————

समाप्त